# उफनाई नदियों से कई गांवों का संपर्क टूटा

- हरदा में अजनाल नहीं का जल स्तर बढ़ा
- स्टेट हाईवे बंद, घरों-दुकानों में घुसा पानी



नवभारत न्यूज़

**हरदा, 4 जुलाई. जिले में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया. लगातार बारिश के कारण माचक, स्यानी, देदली, मटकुल, अजनाल और गंजाल सहित कई नदियां उफान पर हैं.**

कई ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव हो गया है, जबकि अनेक गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है. सबसे अधिक असर ग्राम मांदला के पास देखने को मिला, जहां काली माचक नदी का जलस्तर बढ़ने से पुल पर करीब तीन फीट पानी बह रहा है. इसके चलते नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गई. कडोला और कनारदा के पास मटकुल नदी का पानी सड़क पर आने से मार्ग बंद हो गया.

### तेज बारिश और आंधी से प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल



**हरदा.** जिले में शुक्रवार शाम तेज बारिश और आंधी के कारण खिरकिया-चारूवा क्षेत्र तथा हंडिया उपकेंद्र अंतर्गत विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई थी. सूचना मिलते ही एमपी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य शुरू किया. टीम ने क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों और पोलों की मरम्मत कर अधिकांश क्षेत्रों में शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल कर दी. खिरकिया-चारूवा क्षेत्र में 33 केवी लाइन के 5 और 11 केवी लाइन के 10 पोल क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे कई क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित हुई थी. वहीं हंडिया उपकेंद्र में जलभराव के कारण बिजली सप्लाई प्रभावित रही, जिसे सुरक्षा जांच के बाद पुनः शुरू कर दिया गया .स्थिति का जायजा लेने के लिए महाप्रबंधक एवं उपमहाप्रबंधक ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को शीघ्र व सुरक्षित बहाली के निर्देश दिए.

# बंगलिया अंडरपास की मांग पर रेलवे ने बढ़ाया कदम, संयुक्त सर्वे हुआ संपन्न



नवभारत न्यूज़

**इटारसी, 4 जुलाई. उत्तर बंगलिया क्षेत्र में वर्षों से लंबित अंडरपास और कलवर्ट पुलिया निर्माण की मांग अब आगे बढ़ती नजर आ रही है. शनिवार को वार्ड 8 की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया की पहल और सांसद दर्शन सिंह चौधरी के निर्देश पर रेलवे अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और वार्डवासियों ने संभावित स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान सहायक मंडल अभियंता (अनुरक्षण) समय सिंह मीणा ने बताया कि प्रथम दृष्टया अंडरपास निर्माण के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है. उन्होंने कहा कि रेलवे विभाग इसका तकनीकी प्रस्ताव और एस्टीमेट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजेगा. इसके साथ ही बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को देखते हुए वर्तमान बंगलिया पुलिया को ऊंचा करने का अलग प्रस्ताव भी तैयार किया जाएगा.

पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया ने बताया कि अंडरपास बनने से उत्तर व दक्षिण बंगलिया, सनखेड़ा नाका, काबड़ मोहल्ला, साईनाथ बेकरी क्षेत्र, आवाम नगर और पुरानी इटारसी सहित हजारों लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी.

## एक नजर में



### उल्लास साक्षरता अभियान में पंजीयन तेज

**हरदा, 4जुलाई.** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत शनिवार को जनशिक्षा केंद्र कन्या टिमरनी में संस्था प्रमुखों एवं नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिला सह-समन्वयक मुकेश शर्मा ने वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप असाक्षरों के चिन्हांकन एवं पंजीयन कार्य की समीक्षा की. समीक्षा में बताया गया कि ग्राम चारखेड़ा में 389 के लक्ष्य के विरुद्ध 217, मालोना में 229 के विरुद्ध 209, मान्याखेड़ी में 100 के विरुद्ध 140, पोखरनी में 575 के विरुद्ध 423 तथा टिमरनी शहरी क्षेत्र में 2,309 के लक्ष्य के विरुद्ध 887 असाक्षरों का पंजीयन किया गया है. अधिकारियों ने सभी क्षेत्रों में लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. मुकेश शर्मा ने बताया कि हरदा, टिमरनी और खिरकिया के शहरी क्षेत्रों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जा रही है. इसके तहत महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरपालिका, नगर परिषद तथा जन अभियान परिषद सहित विभिन्न विभागों के सहयोग से पंजीयन अभियान को गति दी जाएगी .बैठक में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा विकसित हृद्बस्कऐप के माध्यम से असाक्षरों के चिन्हांकन एवं पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई. लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार प्रत्येक हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी संकुल से एक-एक शिक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है. जिले के तीनों विकासखंडों में कुल 86 नोडल अधिकारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण देकर अभियान की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया.



### नदी के बीच फंसे तीन लोगों का सफल रेस्क्यू

**हरदा, 4 जुलाई.** लगातार हो रही बारिश के कारण धनवाड़ा क्षेत्र में माचक नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से तीन लोग नदी के बीच स्थित एक घर और पेड़ पर फंस गए .सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सफल रेस्क्यू अभियान चलाकर तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रशासन के अनुसार जयसिंह (पिता अजबसिंह), रूपचंद (पिता टीकाराम) और गणेश (पिता शिवप्रसाद) बढ़ते जलस्तर के कारण नदी के बीच फंस गए थे। सूचना मिलने पर एसडीएम खिरकिया सुश्री शिवांगी बघेल, तहसीलदार श्रीमती लवीना घाघरे तथा स्ष्त्रस्र की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सुनियोजित अभियान चलाकर तीनों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया. जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि लगातार बारिश के दौरान नदी-नालों के पास जाने या जलभराव वाले क्षेत्रों को पार करने का प्रयास न करें. किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचना दें और जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें.

### पुण्यतिथि पर सेवा कार्यों से दी श्रद्धांजलि



**खिरकिया, 4 जुलाई.** नगर के समाजसेवी एवं पत्रकार स्व. अशोक विश्वकर्मा सर की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी उनकी पुण्यतिथि को सेवाभाव से मनाया गया। उनके पुत्र अंकुश विश्वकर्मा एवं स्नेहिमित्रो द्वारा प्रतिवर्ष पुण्यतिथि के अवसर पर अस्पताल में मरीजो एवं गरीब बस्तियों में पहुंचकर सेवा की जाती है. इसी क्रम में शनिवार को उनकी स्मृति में स्नेहीजनो द्वारा बनाए गए अशोक सर क्लब के सदस्यों द्वारा स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजो फल, दूध, बिस्किट का वितरण किया गया. साथ ही निचली व गरीब बस्तियों में निवासरत छोटे छोटे बच्चों को बिस्किट का वितरण किया गया। साथ ही पौधारोपण कर श्रद्धांजलि दी गयी. प्रतिवर्ष अलग अलग स्थानों पर पौधरोपण किया जाता है .समाजसेवी स्व. अशोक विश्वकर्मा को नगर में सर के नाम से पहचाना जाता था.

## रेलवे अस्पताल में वेंडरों का स्वास्थ्य परीक्षण

**पिपरिया.** रेलवे अस्पताल में वेंडरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें डॉक्टर आर.आर. कुर्रे द्वारा बीपी, शुगर, वजन-ऊंचाई, टीबी जांच, स्टूल टेस्ट और चेस्ट एक्स-रे सहित विभिन्न जांचें की गईं. इस दौरान वेंडरों को यात्रियों को 100 प्रतिशत शुद्ध एवं ताजा भोजन उपलब्ध कराने के लिए जागरूक किया गया. डॉक्टर कुर्रे ने नाखूनों की जांच कर संक्रमण की संभावना भी देखी और कार्य के दौरान ग्लव्स पहनने की सलाह दी. उन्होंने खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, ताजी सब्जियों के उपयोग और एक्सपायरी डेट की वस्तुओं से बचने के निर्देश दिए. साथ ही कहा कि केवल फिट कर्मचारी ही बेहतर कार्य कर सकते हैं.

# पुलिस अधीक्षक ने समंस मुंशी एवं कोर्ट मुहर्रिरों की ली बैठक




नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 4 जुलाई. पुलिस कंट्रोल रूम में शनिवार को पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा की अध्यक्षता में जिले के सभी थानों में पदस्थ समंस मुंशी एवं कोर्ट मुहर्रिरों की बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में न्यायालय और थानों से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई तथा ई-समंस की तामिली और ई-साक्ष्य एप के माध्यम से समयसीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि गंभीर अपराधों से जुड़े समंस एवं वारंट की तामिली को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए. उन्होंने सभी कर्मचारियों को जिम्मेदारी, पारदर्शिता और निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया.

## शीतला माता मंदिर में भक्तों ने दूर किया अंधेरा

**इटारसी.** भारत टॉकीज रोड स्थित प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर में अब श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान अंधेरे और भीषण गर्मी की समस्या से राहत मिलेगी. लंबे समय से खराब इन्वर्टर और बैटरी के कारण मंदिर परिसर में उमस और अंधेरा बना रहता था. समस्या के समाधान के लिए 4 जुलाई को स्थानीय समाजसेवियों और दानदाताओं के सहयोग से मंदिर में नया पावर बैकअप सिस्टम स्थापित किया गया. मंदिर समिति के अनुसार परिसर में 1120 वाट का नया इन्वर्टर और 205 एएच की हैवी बैटरी लगाई गई है, जिस पर कुल 28,000 रुपये का खर्च आया.

# 'स्वैच्छिक पर्व' पखवाड़े का शुभारंभ



नवभारत न्यूज़

**इटारसी, 4 जुलाई. मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर 'स्वैच्छिक पर्व' पखवाड़े का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदापुरम द्वारा किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ नर्मदा महाविद्यालय में पौधारोपण कर किया गया, जिसमें संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी और विकासखंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख उपस्थित रहे. संभाग समन्वयक ने बताया कि यह 'स्वैच्छिक पर्व पखवाड़ा' 12 अगस्त 2026 तक मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न सामाजिक गतिविधियाँ और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

# शहीद भगत सिंह पीजी कॉलेज में इंडक्शन प्रोग्राम का समापन

**पिपरिया, 4 जुलाई . शहीद भगत सिंह पीजी कॉलेज में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित त्रिदिवसीय इंडक्शन (प्रवेश उत्सव) कार्यक्रम का समापन हुआ. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, छात्र कल्याण योजनाओं और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से परिचित कराना था.**

तीन दिवसीय कार्यक्रम में वाणिज्य, विज्ञान, कला और विधि संकाय के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए. प्राचार्य डॉ. राजीव महेश्वरी ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय केवल डिग्री नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र है.

कार्यक्रम में एनईपी-2020, छात्रवृत्ति योजनाएं, एनसीसी, एनएसएस, खेल गतिविधियां, एंटी-रैगिंग नियम, करियर काउंसलिंग और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई. साथ ही विद्यार्थियों को परिसर भ्रमण कर विभिन्न संसाधनों से अवगत कराया गया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनीता सेन ने किया तथा आभार डॉ. कविता नामदेव ने व्यक्त किया.

## शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन और गतिविधियों से परिचित कराए

**पिपरिया, 4 जुलाई .** शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य के मार्गदर्शन में नवप्रवेशित छात्राओं के स्वागत हेतु 'दीक्षा आरंभ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन और विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराना था. प्राचार्य ने छात्राओं का स्वागत करते हुए उच्च शिक्षा के महत्व, नियमित अध्ययन और व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया. उन्होंने छात्राओं को सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया . कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, स्टाफ सदस्य और नवप्रवेशित छात्राएं उपस्थित रहीं.

# सीएमओ के सख्त तेवर, गंदगी फैलाने वालों पर 5 हजार रुपए का जुर्माना



नवभारत न्यूज़

**इटारसी, 4 जुलाई.** विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के मार्गदर्शन और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के निर्देशन में नवागत सीएमओ सुरेखा जाटव ने पदभार ग्रहण करते ही शहर की सफाई, अतिक्रमण और यातायात व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया है.

शनिवार को सीएमओ के नेतृत्व में नगर पालिका टीम ने रेलवे स्टेशन रोड, गोठी धर्मशाला और पेट्रोल पंप क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया. लंबे समय से नालियों और फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई कि अगली बार सामान जब्त कर भारी जुर्माना लगाया जाएगा.

स्टेशन रोड स्थित शराब दुकान के आसपास गंदगी मिलने पर 5 हजार रुपए का स्पॉट फाइन लगाया गया. वहीं फुटपाथ और ठेला व्यवसायियों पर 200 से 500 रुपए तक का जुर्माना भी किया गया.

### अतिक्रमण हटाने की दी चेतावनी

**इटारसी.** नगर पालिका की नवागत सीएमओ सुरेखा जाटव ने पदभार संभालते ही अतिक्रमण और यातायात व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया है. शनिवार को नगर पालिका अमले ने स्टेशन रोड मुख्य मार्ग पर विशेष अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया. कार्रवाई के दौरान लंबे समय से नालियों और सड़क पर शोकेस व सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी गई.

# फसल बीमा राशि और उर्वरक वितरण व्यवस्था



नवभारत न्यूज़

**हरदा, 4 जुलाई. आम किसान यूनियन ने ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी की मात्रा बढ़ाने, पिछले वर्ष की सोयाबीन फसल की बीमा राशि का शीघ्र भुगतान करने तथा उर्वरक वितरण की वर्तमान व्यवस्था को समाप्त करने की मांग को लेकर शनिवार को जिले के कई गांवों में मध्य प्रदेश सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया.**

यूनियन ने बताया कि 2 जुलाई को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपकर अपनी मांगों के संबंध में गांव-गांव विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई थी। मांगों पर अब तक सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने के कारण आंदोलन की शुरुआत की गई है.

इसी क्रम में शनिवार को ग्राम अबगांव खुर्द, आलनपुर, भुन्नास, आदमपुर सहित अन्य गांवों में सरकार का पुतला दहन कर किसानों ने अपनी नाराजगी जताई.

आम किसान यूनियन ने कहा है कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर उचित निर्णय नहीं लिया गया, तो आगामी दिनों में जिले के प्रत्येक गांव में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा. इसके बाद जिला स्तर पर कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरना भी दिया जाएगा.

## तहसील कार्यालय में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी

**पिपरिया, 4 जुलाई .** शहर में कलेक्टर के निर्देश पर सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा और अभिलेख दुरुस्ती जैसे राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी देखी जा रही है. तहसील परिसर में सुबह 10 बजे से ही किसानों और नागरिकों की भीड़ जुटने लगी है. तहसीलदार वैभव बैरागी और नायब तहसीलदार मनोज नामदेव के न्यायालयों में लगातार सुनवाई चल रही है. अधिकारियों के अनुसार आरआई और पटवारी से समय सीमा के भीतर प्रतिवेदन लेकर तुरंत रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिससे मामलों का शीघ्र निपटारा हो रहा है. एसडीएम आकिपखान द्वारा प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है .

# विकास जोशी बने पटवारी संघ हरदा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष

नवभारत न्यूज़



**हरदा , 4 जुलाई. मध्यप्रदेश पटवारी संघ की जिला शाखा हरदा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष पद पर युवा पटवारी विकास जोशी की नियुक्ति की गई है.**

उनकी नियुक्ति का आदेश मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांताध्यक्ष द्वारा जारी किया गया है. नियुक्ति के बाद जिले के पटवारियों एवं संघ पदाधिकारियों में हर्ष का माहौल है और सभी ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं. जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, हरदा जिला शाखा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग कारोलिया के स्थानांतरण एवं उनके द्वारा दिए गए त्यागपत्र के बाद यह पद रिक्त हो गया था. इसके बाद मध्यप्रदेश पटवारी संघ के संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए आगामी निर्वाचन तक विकास जोशी को हरदा जिला शाखा का कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. आगामी चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक विकास जोशी कार्यकारी जिलाध्यक्ष के रूप में संगठन से जुड़े सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे. विकास जोशी की नियुक्ति पर मध्यप्रदेश पटवारी संघ के उपप्रांताध्यक्ष राजीव जैन सहित जिले के पटवारी साथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दीं.

**कार्य समिति** — पार्टी गतिविधियों और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से रणनीति बनाई

# भाजपा की बैठक में संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा



नवभारत न्यूज


**सोहागपुर, 4 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी मंडल सोहागपुर की मंडल कार्यसमिति की बैठक सोमवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई. बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, पार्टी गतिविधियों और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई.**

बैठक में आगामी जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया. साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई. इसमें द्वारका सम्मेलन एवं जिला कार्यकर्ता सम्मेलन नर्मदापुरम में आयोजित किया जाएगा. बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया. उन्होंने मूंग खरीदी में प्रति एकड़ निर्धारित सीमा बढ़ाने और खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की. जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने आश्वासन दिया कि किसानों की समस्याओं को प्रदेश नेतृत्व और संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा तथा समाधान के प्रयास किए जाएंगे.

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पर बैठक आयोजित

**पिपरिया.** जनपद शिक्षा केंद्र पिपरिया कार्यालय में बीआरसीसी प्रदीप कुमार शर्मा की उपस्थिति में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई. बैठक में विकासखंड के सभी संकुल प्राचार्य, बीएसी, सीएसी और संकुल सह-समन्वयक साक्षरता उपस्थित रहे. बैठक में वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर असाक्षरों के सर्वे कर उनका चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए, ताकि उन्हें आगामी साक्षरता परीक्षा में शामिल किया जा सके. अधिकारियों ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य असाक्षरों को शिक्षित कर प्रदेश को पूर्ण साक्षर बनाने की दिशा में सतत प्रयास करना है.

# आज होगा जिला स्तरीय विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन



नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 4 जुलाई. भाजपा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में 23 जून से 6 जुलाई तक चलाए जा रहे पखवाड़े के अंतर्गत रविवार, 5 जुलाई को जिला स्तरीय विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. सम्मेलन सुबह 10 बजे परमशी गार्डन, बुधनी रोड, नर्मदापुरम में होगा.**

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने जिले के सभी मंडलों के पदाधिकारियों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं तथा सभी जनप्रतिनिधियों से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है. उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन संगठन की आगामी कार्ययोजना, बूथ सशक्तिकरण और कार्यकर्ता संवाद की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा. साथ ही श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों एवं उनके बलिदान का स्मरण करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन के सिद्धांतों तथा सेवा कार्यों के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया जाएगा.जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि जिले के सभी कार्यकर्ता समय पर उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं.

कार्यक्रम के जिला संयोजक मुकेश चंद्र मैना ने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. जिला मीडिया प्रभारी अमित महाला ने बताया कि सम्मेलन में संभाग प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, जिला प्रभारी अलकेश आर्य, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी उपस्थित रहेंगे.